# आइआइटी में इलेक्ट्रो-केमिकल डिटेक्टर का व्यवसायिक उत्पादन हुआ शुरू

जासं, वाराणसी : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-काशी हिंदू विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग में शुक्रवार को व्यवसायिक स्तर पर इलेक्ट्रोड और इलेक्ट्रो-केमिकल डिटेक्टर उत्पादन की शुरूआत हुई। संचालक डा. पीसी पांडेय ने बताया कि यह डिटेक्टर मशीन काफी कम खर्च में रक्त की पूरी जांच में उपयोगी साबित होगा। साथ ही यह वातावरण को नुकसान पहुंचाने वाली प्रदूषित हवाओं को भी मापने में कारगर होगा। कहा इसे बनाने में जिस तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, उससे सरल, कम लागत और कम समय में अधिक डिटेक्टर बनाए जा सकते हैं। इस दौरान मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. राकेश भटनागर ने शिक्षकों एवं शोध छात्रों को इस तरह के जीवनोपयोगी कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। अध्यक्षता भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार जैन ने किया।

**Dainik Jagran – 11.08.2018**